संपादकीय

संकट से घिरता रुपया

यह सबका अनुमान है कि व्यापार घाटे को नियंत्रित करना फिलहाल संभव नहीं है। ऐसे बढ़ते आयात बिल और ऋण चुकाने पर होने वाले खर्च के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा का संकट खड़ा हो सकता है।

रुपये का भाव संभालने की भारतीय रिजर्व बैंक की कोशिशें अब नाकाम हो रही हैं। रुपये का मूल्य ना गिरे, इसके लिए रिजर्व बैंक फरवरी के बाद से अपने भंडार से 40 बिलियन डॉलर बाजार में डाल चुका है। इसके बावजूद बाजार विशेषज्ञों का अनुमान है कि जल्द ही एक डॉलर 80 रुपये का हो जाएगा। संभव है कि इस साल के अंत तक डॉलर की कीमत 82 रुपये तक पहुंच जाए। ऐसे में रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव समेत कुछ विशेषज्ञों की ये सलाह गौरतलब है कि रुपये को संभालने की कोशिश में भारत को अपने विदेशी मुद्रा भंडार को इस तरह खाली नहीं करना चाहिए। खास कर यह देखते हुए कि अगले छह से नौ महीनों में भारत को डॉलर में लिए गए 267 बिलियन डॉलर के अल्पकालिक ऋण को चुकाना है। पिछले साल सितंबर में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 642 बिलियन डॉलर थे। अब 593 बिलियन डॉलर बचे हैं।

जून में व्यापार घाटा 25 बिलियन डॉलर के भी ज्यादा हो गया, जो एक रिकॉर्ड है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति देखते हुए यह सबका अनुमान है कि व्यापार घाटे को नियंत्रित करना फिलहाल संभव नहीं है। ऐसे बढ़ते आयात बिल और ऋण चुकाने पर होने वाले खर्च के परिणामस्वरूप विदेशी मुद्रा का संकट खड़ा हो सकता है। इसी बीच रुपये की कीमत संभालने के लिए भी डॉलर बाजार में डाले जाते रहे, तो संकट और बढ़ जाएगा। स्वस्थ अर्थव्यवस्था वह होती है, जिसमें आयात बिल का भुगतान निर्यात से होने वाली आय और विदेशों में रहने वाले देशवासियों की वापस भेजी जाने वाली कमाई से हो जाए। विदेशी निवेश के जरिए आई रकम को इस पर खर्च करना अपने-आप में समस्याग्रस्त बात है। वैसे भी निवेशक इस वर्ष 30 बिलियन डॉलर रकम निकाल चुके हैं। आगे वे और भी रकम निकालेंगे। कहा जा सकता है कि जिन नीतियों पर देश चला, उनकी कीमत चुकाने का वक्त तेजी से करीब आ रहा है। ऐसे में बुद्धिमानी यह है कि अब भी हाथ समेट कर और संसाधन जुटाने के अतिरिक्त उपाय करते हुए आगे बढ़ा जाए। ये संभव है, अगर अपने 'हार्ड वर्क' के अलावा 'हार्वर्ड के विशेषज्ञों' की राय भी ध्यान दे।

वाणिज्यिक निर्यात जून में 23 प्रतिशत बढ़ा, व्यापार घाटा उछलकर 26.18 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली । पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण जैसे क्षेत्रों के अच्छे प्रदर्शन के साथ भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात जून 2022 में 23.52 प्रतिशत बढ़कर 40.13 अरब डॉलर रहा। जून 2021 में यह 32.49 अरब डॉलर था।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि जून में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात 66.31 अरब डॉलर रहा जो पिछले वर्ष के इसी माह के 42.09 अरब डॉलर से 57.55 प्रतिशत अधिक है।

जून 2022 में तेज वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 26.18 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया जो जून 2021 में 9.60 अरब डॉलर था।

जून माह में गैर-पेट्रोलियम तथा गैर-रत्न आभूषणों (सोना, चांदी और कीमती धातु) का निर्यात 8.65 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 27.94 अरब डॉलर रहा जो पिछले वर्ष जून में 25.71 अरब डॉलर था।

सरकारी आंकड़ों में बताया गया है कि जून में पेट्रोलियम और रत्न एवं आभूषणों को छोड़कर अन्य वस्तुओं का आयात 38.53 अरब डॉलर रहा जो एक वर्ष पहले की तुलना में 38.30 प्रतिशत अधिक है। जून 2021 में इन वस्तुओं का आयात 27.86 अरब डॉलर था।

देश का जून माह में वस्तु एवं सेवाओं सहित कुल निर्यात 64.91 अरब डॉलर रहा जो इससे पिछले वर्ष की समान अवधि से 22.95 प्रतिशत अधिक है। जून 2022 का कुल आयात जून 2021 के मुकाबले 55.72 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82.42 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

इन आंकड़ों के अनुसार जून 2022 में पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात 119 प्रतिशत बढ़कर 8.65 अरब डॉलर रहा। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का इस अवधि में निर्यात 61 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.67 अरब डॉलर रहा।

इसी तरह जून 2022 में रेडीमेड कपड़ों का निर्यात 50 प्रतिशत बढ़कर 1.5 अरब डॉलर दर्ज किया गया और इंजीनियरिंग समानों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 9.57 अरब डॉलर रहा।

जून 2022 में प्रमुख आयातित वस्तुओं में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उससे जुड़े उत्पादों का आंकड़ा लगभग दोगुना होकर 21.3 अरब डॉलर रहा जो जून 2021 में 10.67 अरब डॉलर था। सोने के आयात में 183 प्रतिशत उछाल के साथ 2.74 अरब डॉलर रहा।

कोल, कोक एवं ब्रिकेट का आयात जून 2022 में वार्षिक आधार पर 260 प्रतिशत उछलकर 6.76 अरब डॉलर रहा।

इंग्लैंड के ओडीआई इतिहास में गेंदबाजी का नया आंकड़ा, ना एंडरसन ना ब्रॉड, टोपले बन गए टॉप

लंदन। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीस टोपले ने लॉर्ड्स के एकदिवसीय मैच में 24 रन देकर 6 विकेट लिए। यह गेंदबाजी भारत की 100 रनों की हार में काफी निर्णायक साबित हुई। 6/24 के आंकड़े के साथ समाप्त करने के लिए अपने जीवन का बेस्ट प्रदर्शन किया, जो एकदिवसीय क्रिकेट में इंग्लैंड के गेंदबाज द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा भी है।

इंग्लैंड के ओडीआई इतिहास में गेंदबाजी का नया आंकड़ा टॉपले के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ने इंग्लैंड को लॉर्ड्स में गुरुवार को दूसरे एकदिवसीय मैच में भारत पर जीत दिलाने में मदद की और तीन मैचों की वनडे सीरीज 1-1 से बराबर हो गई। टॉपले को सही मायने में मैन ऑफ द मैच चुना गया था, एकदिवसीय मैचों में 6 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के केवल दूसरे गेंदबाज बने। टॉपले ने प्रतिद्वंद्वी कप्तान रोहित शर्मा (0) और शिखर धवन (9) को आउट कर दिया। सूर्यकुमार यादव, मोहम्मद शमी, युजवेंद्र चहल और प्रसिद्ध कृष्णा को भी आउट किया गया। कॉलिंगवुड ने बांग्लादेश के खिलाफ 31 रन देकर 6 विकेट लिए थे रीस टोपले से पहले पॉल कॉलिंगवुड ने बांग्लादेश के खिलाफ 31 रन देकर 6 विकेट लिए थे। ये बेस्ट आंकड़ा था। अब यह नंबर दो पर हो गया है। नंबर तीन पर 45 रन देकर 6 विकेट के साथ क्रिस वॉक्स का स्थान आता है।

ये उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था। वॉक्स ने ही 47 रन देकर 6 विकेट के साथ चौथा बेस्ट वनडे आंकड़ा इंग्लैंड की ओर से बनाया है, जहां उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ ऐसा किया था। ना एंडरसन ना ब्रॉड, टोपले बन गए टॉप टॉपले को मैन ऑफ द मैच दिया गया। उन्होंने मैच के बाद कहा, दूसरे मैच में वापसी करने के लिए शानदार टीम प्रदर्शन। अपनी भूमिका निभाकर खुशी हुई। जब जीत मिलती है तो आपका योगदान बहुत मायने रखता है। तीन साल मेरी इसी स्टैंड के पीछे की जगह पर सर्जरी हुई थी। इंग्लैंड के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है। गेम जीतने के लिए अपनी भूमिका निभाएं। इंग्लैंड ने एक आसान जीत पर मुहर लगा दी भारत की सभी उम्मीदें तब धूमिल हो गईं जब रवींद्र जडेजा को लियाम लिविंगस्टोन ने 29 रन पर आउट कर दिया।

कीमती धातुओं में भारी गिरावट

मुंबई। डॉलर के चौबीस वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में आई भारी गिरावट से आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 545 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 2232 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती हो गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 2.07 प्रतिशत की भारी गिरावट लेकर 1699.39 डॉलर प्रति औंस रह गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 1.38 प्रतिशत टूटकर 1710.30 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चांदी हाजिर 5.11 प्रतिशत लुढ़ककर 18.21 डॉलर प्रति औंस बोली गई।

विदेशी बाजारों की गिरावट का दबाव घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स पर भी दिखा। इस दौरान सोना 545 रुपये गिरकर 50257 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 509 रुपये उतरकर 50335 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इस बीच चांदी 2232 रुपये की भारी गिरावट लेकर 54895 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चांदी मिनी 1950 रुपये सस्ती होकर 55608 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

ट्रेन से सस्ता फ्लाइट टिकट, मात्र 999 रुपए में करें हवाई सफर

नई दिल्ली । अगर आप भी सस्ते फ्लाइट टिकट की बुकिंग कर हवाई सफर का मजा लेना चाहते हैं तो आपके पास मौका है मात्र 999 रुपए में फ्लाइट में सफर करने का। हैरान मत होइए आप सोच रहे होंगे कि ट्रेन से सस्ता प्लाइट टिकट कैसे मिल सकता है। से सच है कि 1000 रुपए से भी कम में हवाई जहाज में सफर का मजा ले सकते हैं। आइए हम आपको इस ऑफर की पूरी डिटेल बताते हैं।

मात्र 999 रुपए में फ्लाइट टिकट

फ्लाइबिग एयरलाइंस ने फेस्टिवल ऑफर निकाला है, जिसमें आपको मात्र 999 रुपए में हवाई जहजा से सफर करने का मौका मिल रहा है। भारत की नई विमानन कंपनी फ्लाईबिग बंपर ऑफर लेकर आई है। प्रमोशनल ऑफर के तहत एयरलाइंस मात्र 999 रुपए में फ्लाइट टिकट बुकिंग की सुविधा दे रही है। आपको बता दें कि फ्लाईबिग यह एक क्षेत्रीय एयरलाइन है। एयरलाइंस ने शुरुआती 10000 टिकट मात्र 999 रुपए से 2999 रुपए में ऑफर किया है।

20 जुलाई तक का ऑफर एयरलाइंस ने फेस्टिवल ऑफर के तहत 14 जुलाई से लेकर 20 जुलाई 2022 तक ये ऑफर निकाला है। यानी आपके पास मौका है सिर्फ 20 जुलाई तक का। इस ऑफर के तहत एयरलाइंस ने शुरुआती के 10000 सीटों के लिए सस्ते टिकट पेश किए हैं। आप इस सेल में टिकट बुक कर 25 जुलाई से 24 सितंबर 2022 के बीच सफर कर सकते हैं।

कैसे करें बुक आप इस सेल का लाभ 20 जुलाई तक ही उठा सकते हैं। इस ऑफर का लाभ पाने के लिए आपको फ्लाईबिग की वेबसाइट पर जाकर टिकटों की बुकिंग करनी होगी। आपको बता दें कि फ्लाईबिग अपने 3 एटीआर विमानों के साथ रोजाना 24 उड़ान भरती है और 13 शहरों को कवर करती है। धीरे-धीरे कंपनी उड़ानों की संख्या बढ़ाने पर काम कर रही है।

भारतीय बॉक्सर निखिल सुरेश की चोट लगने की वजह से मौत

0 रिंग में विरोधी प्लेयर ने मारा था पंच

बेंगलुरु । बेंगलुरु में आयोजित स्टेट लेवल किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें भारतीय मार्शल आर्ट्स फाइटर निखिल सुरेश की मौत हो गई है। यह दर्दनाक हादसा 9 और 10 जुलाई को य1 एसोसिएशन के द्वारा आयोजित कराई गई बॉक्सिंग चैंपियनशिप के एक मुकाबले में हुआ था। दरअसल, फाइट के दौरान निखिल सुरेश को विरोधी बॉक्सर ने एक ऐसा पंच मारा था कि

उनके सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन गुरुवार को निखिल सुरेश ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद बॉक्सिंग जगत में शोक की लहर और खिलाड़ियों में दहशत का माहौल है।

निखिल सुरेश की मौत की जानकारी उनके कोच और पिता ने सोशल मीडिया के जरिए गुरुवार को दी। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनके पिता ने कहा है, गंभीर दुख के साथ, मैं उस खबर को साझा कर रहा हूं, जिसने हम सभी को डरा दिया है। मेरा बेटा निखिल आज जिंदगी की जंग हार गया है, कई घंटों की लड़ाई के बाद आखिर वो जिंदगी और मौत की जंग हार गया, सबसे अच्छी मेडिकल केयर के लिए धन्यवाद। निखिल के पिता ने आगे कहा कि वो हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेगा और हमेशा याद आएगा। आज मैंने अपना बेटा खोया है, ईश्वर मुझे और मेरे परिवार को शक्ति प्रदान करे। आपको बता दें कि निखिल के पिता ने टूर्नामेंट आयोजकों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बॉक्सिंग टूर्नामेंट के आयोजकों की वजह से लापरवाही हुई, जिसके चलते उनके बेटे को सही समय पर सही इलाज नहीं मिल सका। उन्होंने कहा है कि मैच के दौरान मेडिकल सुविधाओं की कमी थी, ना तो डॉक्टर थे और ना ही एंबुलेंस थी। निखिल के पिता का कहना है कि उनके बेटे को बचाया जा सकता था, अगर टूर्नामेंट के लिए मेडिकल सुविधाओं का उपलब्ध होना अनिवार्य होता।

दूसरे वनडे में युजवेंद्र चहल की फिरकी का कमाल, टूटा 39 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली । लॉर्ड्स में खेले गए दूसरे वनडे मैच में इंग्लैंड ने भारत को 100 रनों से हराया। इसके साथ ही तीन वनडे मैचों की सीरीज में दोनों ही टीमें 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने 49 ओवर में 10 विकेट खोकर 246 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 38.5 ओवर में 146 रन बनाकर ही ढेर हो गई। भारत की ओर से युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट अपने नाम किए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो, जो रूट, बेन स्टोक्स और मोईन अली को अपनी फिरकी के जाल में फंसाया। इस शानदार गेंदबाजी के चलते भारतीय स्पिनर ने एक खास रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

39 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा गुरुवार को दूसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन के बाद युजवेंद्र चहल अब लॉर्ड्स के मैदान पर एक एकदिवसीय मुकाबले में चार विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले वनडे क्रिकेट में इस मैदान पर मोहिंदर अमरनाथ ने भारत की ओर से सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की थी। उन्होंने 1983 विश्वकप फाइनल में लॉर्ड्स के एतिहासिक मैदान पर ही 12 रन खर्चकर 3 विकेट अपने नाम किए थे। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा और दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह भी इस एलीट पैनल का हिस्सा हैं। दोनों ही गेंदबाजों ने लॉर्ड्स के मैदान पर 3-3 विकेट चटकाए हैं। लॉर्ड्स में भारतीय गेंदबाजों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (वनडे) युजवेंद्र चहल: 4/47 मोहिंदर अमरनाथ: 3/12 आशीष नेहरा: 3/26 हरभजन सिंह: 3/28

मुकाबले का हाल टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 49 ओवर में 10 विकेट खोकर 246 रन बनाए। जेसन रॉय ने 23, जॉनी बेयरस्टो ने 38, जो रूट ने 11, बेन स्टोक्स ने 21, कप्तान जोस बटलर ने 4, लियाम लिविंगस्टोन ने 33, मोईन अली ने सर्वाधिक 47, डेविड विली ने 41, ब्रायडन कार्स ने 2, रीस टॉपली ने 3 और क्रेग ओवरटन ने नाबाद 10 रन की पारी खेली। भारत की ओर से युजवेंद्र चहल ने 4, जसप्रीत बुमराह-हार्दिक पांड्या ने 2-2 और मोहम्मद शमी- प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

आज का राशिफल

मेष : आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा।

वृष : आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा।

मिथुन : आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है।

कर्क : दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है।

सिंह : आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात-निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा।

कन्या : आज के दिन आपको सुख-समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है।

तुला : आज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं।

वृश्चिक : आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी।

धनु : आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफ़ी संवेदनशील होंगे।

मकर : आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ : आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे।

मीन : आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

कंगना रनौत ने इमरजेंसी से अपना इंदिरा गांधी लुक जारी किया

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, जिनकी पिछली फिल्म धाकड़ ने बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन किया था, ने फिल्म इमरजेंसी से अपना पहला लुक जारी किया। अभिनेत्री ने उनके द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। इमरजेंसी, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, 25 जून, 1975 को इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आंतरिक इमरजेंसी की स्थिति के बारे में है।

यह 21 मार्च, 1977 तक चला, जब जनता पार्टी एक ऐतिहासिक चुनाव में सत्ता में आई थी। प्रोस्थेटिक्स, अलमारी और व्यवहार सभी दिवंगत प्रधानमंत्री की याद दिलाते हैं। लेकिन आलोचकों ने तुरंत यह बताया कि कंगना को सर शब्द के उच्चारण पर काम करने की जरूरत है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, कंगना ने कहा कि यह भारतीय राजनीतिक इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण अवधियों में से एक को दर्शाती है, जिसने हमारे सत्ता को देखने के तरीके को बदल दिया और इसलिए मैंने इस कहानी को बताने का फैसला किया।

कंगना ने थलाइवी में तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता और मणिकर्णिका में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की भूमिका निभाई है। फिल्म के संवाद रितेश शाह के हैं, जो पहले कहानी, पिंक, रेड और एयरलिफ्ट जैसी मशहूर फिल्मों से जुड़े थे।

कॉकटेल को खास फिल्म मानती है दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण फिल्म कॉकटेल को अपने करियर की खास फिल्म मानती है। होमी अदाजानिया के निर्देशन में बनी फिल्म कॉकटेल में दीपिका पादुकोण,अलावा सैफ अली खान, डायना पेंटी, बोमन ईरानी, डिंपल कपाडिया और रणदीप हुड्डा ने मुख्य भूमिका निभायी थी। कॉकटेल बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुयी थी। फिल्म कॉकटेल के प्रदर्शन के 10 साल पूरे हो गये हैं।कॉकटेल में दीपिका ने वेरोनिका किरदार निभाया

था, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया। इस फिल्म में निभाए गए किरदार को लेकर दीपिका पादुकोण का कहना है कि इसने मेरे लिए करियर में बहुत कुछ बदल दिया और मुझे पर्सनली भी मुझे प्रभावित किया।

खाना खाने के बाद एक चम्मच खाएं सौंफ

सौंफ के फायदों के बारे में हम बचपन से ही सुनते आ रहे हैं। पर क्या आप जानती हैं कि आपके किचन में इस्तेमाल होने वाली यह छोटी सी चीज आपकी सेहत के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्योंकि अनगिनत हेल्थ बेनेफिट देने के साथ यह आपको कई बीमारियों से बचाने में मदद करती है। तो चलिए जानते है कि आयुर्वेद और रिसर्च के अनुसार सौंफ कैसे हमारे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। सुबह खाली पेट सौंफ का पानी पीने से जल्दी वजन घटाने में मदद मिलती है। वहीं जब आप खाना खाने के बाद सौंफ का सेवन करती हैं, तो ये एक बेहतरीन माउथ फ्रेशनर का काम करती है।

सौंफ के फायदे- आयुर्वेद के अनुसार सौंफ के दानों को चबाने से मुह की बदबू से राहत मिल सकती है। साथ ही यह पाचन क्रिया को स्वस्थ बनाए रखती है। इसके अलावा यह पेट की गैस, एसिडिटी, खट्टी डकार आना तथा खाना पचने में परेशानी जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए बेहतरीन मानी जाती है। रोज सही मात्रा में सौंफ के इस्तेमाल से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत मिल सकती है।

1. आपके हार्ट का रखे ध्यान- नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन में पब्लिश हुई रिपोर्ट के अनुसार सौंफ में भरपूर मात्रा में फाइबर, मैग्नीशियम, पोटेशियम और कैल्शियम पाया जाता है। जो आपके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

2. एंटी कैंसर प्रॉपर्टी से भरपूर- सौंफ स्वास्थ्य लाभ देने के साथ कई बीमारियों से दूर रहने में मदद करती है। टेस्टिंग एंड एनिमल स्टडीज की 2011 की रिपोर्ट केअनुसार सौंफ में एंटी कैंसर प्रॉपर्टीज पाई जाती है। क्योंकि सौंफ में एनेथोल कंपाउंड पाया जाता है। जिसमें कैंसर फाइटिंग प्रॉपर्टीज पाई जाती है।

3. सूजन कम करने में कारगर- सौंफ में भरपूर मात्रा में पोषण तत्व पाए जाते है जैसे कि विटामिन-सी और क्वेरसेटिन। जो शरीर की सूजन कम करने में मदद करते हैं। साथ ही सूजन बढ़ाने वाले कारणों से भी दूर रखते है।

4. ब्लड प्रेशर को संतुलित रखे- सौंफ का इस्तेमाल ब्लड प्रेशर को संतुलित रखने के लिए भी किया जाता है। जनरल ऑफ फूड साइंस कि में पब्लिश हुई रिपोर्ट के अनुसार सौंफ के दाने चबाने से आपके सलाइवा में पाचक एंजाइम की मात्रा बढ़ती है।

शब्द सामर्थ्य- 134

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 133 का हल

चु	स्त		मु		सं	स्था	न	
ग		म	र्दा	न	गी		त	म
ली	प	ना			त	न		
	ना	ना					ज	
मा	ह		रा		सा	ज	न	
न		स	ह	दे	व		म	द
व		म		व	न	ज		ल
ता	क	त	व	र		मी		द
	ल	ल	क		क	र	त	ल

सू-दोकू- 134

	2		6		8		3	
9		8		3		4		
							5	
5		2			7		6	
	8		4			1		3
				9				
8			9				1	
	5			1		6		2
		1	7				4	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.133 का हल

2	6	3	8	1	4	9	7	5
9	5	4	2	6	7	3	1	8
8	7	1	9	3	5		6	2
6	2	7	5	4	8	4	3	9
3	9	8	6	7	1	2	5	4
4	1	5	3	2	9	6	8	7
5	3	2	4	8	6	7	9	1
1	8	6	7	9	2	5	4	3
7	4	9	1	5	3	8	2	6